



## स्पेशल आईपीएल मुकाबले

# दिल्ली ने कोलकाता को दी 204 रन की चुनौती

### केएल राहुल के तूफानी अर्धशतक और अक्षर पटेल की तेज पारी से दिल्ली ने खड़ा किया विशाल स्कोर



**केएल राहुल ने 25 गेंदों में जड़ा अर्धशतक**

**अक्षर पटेल ने 39 रन की कप्तानी पारी खेली**

**प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं दोनों टीमें**

**कोलकाता, 24 मई। आईपीएल 2026 के आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 204 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। ईडन गार्डन्स में रविवार को खेले जा रहे इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 203 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की पारी शुरू हो चुकी है और कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ फिन एलन क्रीज पर मौजूद हैं।**

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत शुरुआती ओवरों में अच्छी रही, लेकिन दिल्ली के बल्लेबाजों ने बीच के ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए मैच का रुख बदल दिया। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी पारी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने खेली। राहुल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कोलकाता के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। उन्होंने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और स्पिनरों को भी खुलकर निशाना बनाया।

दिल्ली की शुरुआत अभिषेक पोरेल और राहुल ने की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती ओवरों में संभलकर खेलते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि, सातवें ओवर में सौरभ दुबे ने अभिषेक पोरेल को आउट कर दिल्ली को पहला झटका दिया। पोरेल 18 गेंदों में 22 रन बनाकर तेजस्वी दहिया के हाथों कैच आउट हुए। इसके बाद साहिल परख क्रीज पर आए और राहुल के साथ तेजी से रन जोड़ने लगे।

राहुल और साहिल की साझेदारी ने दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ खुलकर बल्लेबाजी की और रन गति को लगातार बढ़ाया। हालांकि, 10वें ओवर में सुनील नरेन ने साहिल परख को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिल 24 रन बनाकर कप्तान रहाणे को कैच थमा बैठे।

इसके बाद कप्तान अक्षर पटेल बल्लेबाजी के लिए उतरे और आते ही आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने राहुल के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे। राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए, लेकिन अनुकूल रॉय ने उन्हें आउट कर दिल्ली को तीसरा झटका दिया। राहुल का विकेट कोलकाता के लिए राहत लेकर आया क्योंकि वह बेहद खतरनाक नजर आ रहे थे।

राहुल के आउट होने के बाद भी दिल्ली की रन गति नहीं थमी। अक्षर पटेल ने डेविड मिलर के साथ मिलकर तेजी से रन बनाए। अक्षर ने 25 गेंदों में 39 रन की उपयोगी पारी खेली जिसमें कई शानदार चौके और छक्के शामिल रहे। हालांकि, 18वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें आउट कर कोलकाता को चौथी सफलता दिलाई।

अंतिम ओवरों में डेविड मिलर और आशुतोष शर्मा ने तेजी से रन जोड़ते हुए दिल्ली को 200 के पार पहुंचाया। दोनों बल्लेबाजों ने डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर स्कोर को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। कोलकाता की ओर से सौरभ दुबे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो विकेट हासिल किए। वहीं अनुकूल रॉय, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती को एक-एक सफलता मिली।

इस मुकाबले से पहले राजस्थान रॉयल्स के मुंबई इंडियंस को हराने के साथ ही प्लेऑफ की तस्वीर साफ हो गई थी। राजस्थान ने सातवीं बार प्लेऑफ में जगह बनाई जबकि पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का सफर समाप्त हो गया। ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए सम्मान बचाने की लड़ाई बन गया। अब सबकी नजर कोलकाता की बल्लेबाजी पर टिकी है। टीम को जीत के लिए 204 रन बनाने होंगे। कप्तान अजिंक्य रहाणे और विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन ने पारी की शुरुआत की है। ईडन गार्डन्स की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच को देखते हुए मुकाबला अभी भी रोमांचक बना हुआ है। अगर कोलकाता की शुरुआत अच्छी रहती है तो दर्शकों को हाई स्कोरिंग मुकाबले का रोमांचक अंत देखने को मिल सकता

# राजस्थान ने मुंबई को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह, पंजाब-केकेआर बाहर

### 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई 175/9 तक ही पहुंच सकी, आर्चर ने लिए तीन विकेट

- राजस्थान रॉयल्स ने 30 रन से जीता मुकाबला
- सूर्यकुमार यादव के 60 रन भी नहीं बचा सके मुंबई को




**मुंबई। 24 मई. आईपीएल 2026 के लीग चरण का सबसे अहम मुकाबला रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया, जहां राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ राजस्थान प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई, जबकि पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी।**

206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। रेयान रिकेल्टन 12 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शुरुआती बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। इसके बाद तिलक वर्मा भी सात गेंदों पर सिर्फ तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटकों के बाद सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स ने पारी संभालने की कोशिश की।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। विल जैक्स ने 18 गेंदों पर 33 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे। हालांकि यश राज पुंजा ने उन्हें आउट कर राजस्थान को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 32 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने 42 गेंदों पर 60 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी तेज बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों पर 34 रन बनाए। हार्दिक और सूर्यकुमार के बीच छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई, जिससे मुंबई की उम्मीदें जिंदा थीं। हालांकि जोफ्रा आर्चर ने हार्दिक को आउट कर मैच का रुख पूरी तरह राजस्थान की ओर मोड़ दिया। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे और मुंबई लक्ष्य से दूर रह गई।


### एक नजर में

## गुरिंदरवीर ने 100 मी. का नेशनल रिकॉर्ड बनाया




**रांची.** रांची में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फ़ेडरेशन प्रतियोगिता 2026 के फ़ाइनल में शनिवार को, गुरिंदरवीर सिंह ने एक ऐतिहासिक दौड़ लगाते हुए अनिमेष कुजूर को हराया और पुरुषों की 100मी दौड़ का भारतीय नेशनल रिकॉर्ड वापस अपने नाम कर लिया। बिरसा मुंडा स्टेडियम में दौड़ते हुए, 25 वर्षीय गुरिंदरवीर ने 10.09 सेकंड में जीत हासिल की और पुरुषों की 100मी दौड़ में 10.10 सेकंड की बाधा को पार करने वाले देश के पहले स्प्रिंटर बन गए। 22 वर्षीय अनिमेष कुजूर 10.20 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, और उनके बाद 10.29 सेकंड के समय के साथ प्रणव गुरव तीसरे स्थान पर रहे। 100मी का फ़ाइनल भारत के सबसे तेज़ धावकों के बीच दो दिनों तक चली रोमांचक जंग का समापन था; शुक्रवार को हुए सेमीफ़ाइनल के दौरान नेशनल रिकॉर्ड दो बार बदला था। गुरिंदरवीर ने सबसे पहले शुरुआती सेमीफ़ाइनल हीट में 10.17 सेकंड का समय निकालकर अनिमेष के पिछले नेशनल रिकॉर्ड (10.18 सेकंड) को तोड़ा था.

## फ्रेंच ओपन शुरू होते ही रुक जाएगा विरोध प्रदर्शन



**पेरिस.** उम्मीद है कि दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी रविवार को जब रौलां गैरो में फ्रेंच ओपन शुरू होगा, तो अपनी सभी सामान्य मीडिया प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे.
शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से कई ने शुक्रवार को टूर्नामेंट से पहले के मीडिया दिवस के दौरान अपनी उपस्थिति को 15 मिनट तक सीमित रखा. 15 मिनट की यह सीमा उस 15 प्रतिशत राजस्व का प्रतीक थी, जिसे - औसतन - ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट पुरस्कार राशि के रूप में आवंटित करते हैं. खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों ने बीबीसी स्पोर्ट को बताया है कि उनका इरादा कभी भी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोध प्रदर्शन करने का नहीं था, और शुक्रवार को फ्रेंच टेनिस फेडरेशन (एफएफटी) के साथ हुई बैठक में भविष्य में सहयोग के वादे से उन्हें प्रोत्साहन मिला. सप्ताह की शुरुआत में, एफएफटी ने एक बयान में कहा था कि उसे खिलाड़ियों के फैसले पर 'खेद' है और वह 'शासन से जुड़े मुद्दों पर प्रत्यक्ष और रचनात्मक बातचीत करने के लिए तैयार है'. खिलाड़ी मांग कर रहे हैं कि ग्रैंड स्लैम के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा पुरस्कार राशि के लिए समर्पित किया जाए - साथ ही उनके लाभ कोष में भी योगदान दिया जाए और शेड्यूलिंग जैसे मुद्दों पर उनकी राय को अधिक महत्व दिया जाए.

## अर्शदीप में कुछ महीने पहले जैसी धार नहीं रही



**नयी दिल्ली.** अर्शदीप सिंह का आईपीएल 2026 अब तक साधारण रहा है. पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) जब जीत रही थी, तब भी वह अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे और जब टीम लगातार हार रही थी, तब भी हालात अलग नहीं थे. शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के ख़िलाफ़ पंजाब ने आख़िरकार छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा, लेकिन अर्शदीप फिर महंगे साबित हुए. अंबाती रायुडू ने उनकी लेंथ को समस्या बताया, जबकि मार्क बाउचर ने थकान को ख़राब प्रदर्शन को वजह माना. एलएसजी ने शनिवार को 9.80 की रन रेट से बल्लेबाजी की. वहीं अर्शदीप ने 17.33 की इकॉनमी से रन दिए और उन्हें आख़िरी ओवर भी नहीं मिला. रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो टाइमआउट शो में कहा, 'मुझे लगता है कि उनकी लेंथ सबसे बड़ी समस्या है. वह ऐसे गेंदबाज़ नहीं हैं जिन्हें बहुत ज़्यादा शॉर्ट गेंदें फेंकनी चाहिए. डेथ ओवरों में भी उन्हें यॉर्कर डालनी चाहिए. नई गेंद से भी जब उन्होंने फुल गेंदें डालीं. पहली गेंद को छोड़ दें, जो कवर के जरिए चौके के लिए गई, तो उनकी फुल लेंथ गेंदों पर उतने रन नहीं पड़े जितने शॉर्ट ऑफ़ लेंथ या शॉर्ट गेंदों पर पड़े.' 'उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा क्योंकि फ़िलहाल उनकी शॉर्ट गेंद में पहले जैसी धार नहीं दिख रही.




## साइकिल चलाना सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है

### 75 वें संस्करण ने देश को किया एकजुट

**अहमदाबाद, 24 मई. केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रमंडल खेल दिवस और फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 75वें संसकरण पर कहा कि साइकिल चलाना सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है यह हमें स्वस्थ रखता है, प्रदूषण कम करता है और ईंधन बचाने में मदद करता है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन की खपत कम करने की अपील के अनुरूप भी है.**

आज यहां डॉ. मांडविया, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया साबरमती नदी तट पर हजारों लोग राष्ट्रमंडल खेलों के दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित हुए. 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 75वें संस्करण में आज देशभर में 8,000 से अधिक स्थानों पर भारी भागीदारी की. अहमदाबाद के प्रतिष्ठित साबरमती नदी तट से राष्ट्रीय समारोहों का नेतृत्व करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने 5,000 साइकिल चालकों, एथलीटों, युवा स्वयंसेवकों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के साथ सामुदायिक भागीदारी की.

> गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा, 'आज अहमदाबाद शहर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के दौरान पूरी तरह रौनक छा गई और गुजरात की जनता की इस जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखकर मैं बेहद खुश हूं. हजारों नागरिकों का सुबह-सुबह फिटनेस और खेलकूद के लिए बाहर निकलना स्वस्थ जीवनशैली के प्रति बढ़ती जागरूकता और उत्साह को दर्शाता है.'

MID WICKET STORIES

## 'मिडविकेट स्टोरीज' का शुभारंभ

**मुंबई.** तीन वर्षों की कल्पना, यात्रा, बातचीत और कहानी कहने की प्रक्रिया के बाद 'मिडविकेट स्टोरीज' (एमडब्ल्यूएस) का आधिकारिक शुभारंभ रविवार को मुंबई के आईटीसी मराठा होटल में किया गया. यह एक अनोखा वैश्विक क्रिकेट स्टोरीटेलिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की अनसुनी कहानियां, ड्रेसिंग रूम की यादें, प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती को दुनिया के सामने लाना है.

# गुलवीर ने 5000 मी. रेस में जीता रजत पदक

### जीत के साथ ही बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**लॉस एंजिल्स, 24 मई.** भारत के लंबी दूरी के स्टार गुलवीर सिंह ने रविवार को लॉस एंजिल्स में मशहूर साउंड रनिंग ट्रैक फेस्ट में पुरुषों की 5000 मीटर रेस में रजत पदक जीतकर ग्लोबल एथलेटिक्स स्टेज पर अपनी शानदार बढ़त जारी रखी, और इस दौरान अपना नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया.

आज यहां 5000 मी. और 10,000 मी. दोनों में मौजूदा एशियन चैंपियन ने शानदार 13:03.93 का समय निकाला, जो दो साल पहले जापान में बनाए गए उनके पिछले नेशनल रिकॉर्ड 13:11.82 से लगभग आठ सेकंड बेहतर था. इस प्रदर्शन ने गुलवीर को भारत के सबसे बेहतरीन कंटेंपररी डिस्टेंस रनर और इंटरनेशनल सर्किट पर देश के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक के तौर पर और पक्का कर दिया. एडवांस ट्रेनिंग के लिए अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में रहने वाले गुलवीर पहले भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने 3000 मी से लेकर 25 किमी. रेस तक के ट्रैक और रोड इवेंट्स में एक साथ कई नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं. रविवार का रजत पदक इस सीजन में गुलवीर का चौथी बड़ी स्पर्धा है. उन्होंने फरवरी में अमेरिका के विंस्टन-सलेम में साउंड रनिंग इनवाइट में 5000 मी. शॉर्ट ट्रैक रेस में तीसरा स्थान हासिल किया. इसके बाद उन्होंने मार्च में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब वे 60 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने, और न्यूयॉर्क में एनवाईसी हाफ मैराथन 2026 में तीसरा स्थान हासिल किया.

## कोलकाता ने चोटिल मथीशा की जगह लवनित को चुना



**कोलकाता, 24 मई.** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैचों के लिए चोटिल मथीशा पथिराना की जगह लवनित सिसोदिया को चुना है.

मथीशा पथिराना, जो एक दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ हैं, हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं. सिसोदिया, जो एक विकेटकीपर-बल्लेबाज़ हैं, पहले आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और केकेआर का हिस्सा रह चुके हैं. सिसोदिया, जो घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने 15 टी 20 मैच खेले हैं और उनके नाम 124 रन दर्ज हैं.

वह 30 लाख रुपये में केकेआर से जुड़ेंगे.

## केन की हैट्रिक से बायर्न ने जीता जर्मन कप



**बर्लिन, 24 मई. हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक जमाई, जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को बर्लिन में हुए फाइनल में वीएफबी स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर डीएफ़बी-पोकल (जर्मन कप) जीतने का अपना लंबा इंतज़ार खत्म कर दिया.**

एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत ज़ोरदार तरीके से की और पहले हाफ के ज़्यादातर समय तक बायर्न को बैकफुट पर रखा. मैच शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही डेनिज़ उंडाव ने सिर से गेंद को सीधे जोनास अर्बिग की ओर उछाला; इसके कुछ देर बाद, बायर्न के एक ढीले पास का फायदा उठाते हुए एंजेलो स्टिलर ने दूर से शॉट लगाया, लेकिन वह चूक गए.

**शानदार तालमेल का प्रदर्शन**

**थाईलैंड और डेनमार्क ने भी जीते बड़े मुकाबले, रत्चानोक इंतानोन ने चेन युफेई को हराया**

# चीन का मलेशिया मास्टर्स पर दबदबा




**कुआलालंपुर, 24 मई. मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन चीन के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ. चीन ने पुरुष एकल, महिला युगल और मिश्रित युगल सहित तीन खिताब अपने नाम कर पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखा. कुआलालंपुर में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में चीनी खिलाड़ियों ने संयम, आक्रामकता और शानदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधियों को मात दी.**

हालांकि महिला एकल में चीन चौथे खिताब से चूक गया, जहां थाईलैंड की स्टार शटलर रत्चानोक इंतानोन ने शानदार जीत दर्ज की. वहीं पुरुष युगल में डेनमार्क की जोड़ी ने मलेशियाई खिलाड़ियों को हराकर खिताब अपने नाम किया. पुरुष एकल फाइनल में चीन के ली शिफेंग ने थाईलैंड के पैनित्वाफोन टीरारत्सकुल के खिलाफ बेहद संतुलित और आत्मविश्वास भरा खेल दिखाया. ली ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और तेज स्मैश व सटीक नेट प्ले के दम पर पहला गेम 21-16 से अपने नाम किया. दूसरे गेम में भी उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया और 21-17 से मुकाबला जीतकर चैंपियन बने.

महिला युगल में चीन की चेन फैनशुतियन और लुओ जुमिन की जोड़ी ने जापान की अनुभवी जोड़ी सायाका हिरोटा और अयाको साकुरामोटो के खिलाफ रोमांचक मुकाबला खेला. पहला गेम 21-16 से जीतने के बाद दूसरे गेम में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली. लंबे रैलियों और शानदार डिफेंस के बीच चीनी जोड़ी ने 25-23 से गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया. मिश्रित युगल फाइनल भी बेहद दिलचस्प रहा. चीन के गाओ जियाक्सुआन और वेई याक्सिन ने थाईलैंड की पक्कापोन टीरारत्सकुल और सैपसिरी टेरत्तनचाई की जोड़ी को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराया.

> महिला एकल में थाईलैंड की अनुभवी खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन ने चीन की चेन युफेई को सीधे गेमों में हराकर चीन की चौथे खिताब की उम्मीद तोड़ दी. इंतानोन ने आक्रामक खेल और शानदार कोर्ट कवरेज के दम पर 21-17, 21-15 से जीत हासिल की. वहीं पुरुष युगल में डेनमार्क के डैनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड ने मेजबान मलेशिया की जोड़ी गोह ज़े फेई और नूर इज़्ज़ुद्दीन रुमसानी को 21-16, 21-17 से हराकर खिताब जीता. घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद मलेशियाई जोड़ी डेनमार्क के दबाव के सामने टिक नहीं सकी.